UPAL010075622024

न्यायालय अपर जिला जज, कोर्ट संख्या–05, अलीगढ़।

उपस्थितः ऋषि कुमार, एच.जे.एस. (JO Code–UP 06364)

सिविल निगरानी संख्या 54/2024

सुनीता देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी– म0नं0– 30/70 गली नं0 08 निकट आंध्रा बैंक, विश्वास नगर, शाहदरा पूर्वी दिल्ली हाल निवासी बघेल नगर निकट एटा चुंगी डाकखाना देवी का नगला परगना व तहसील कोल जिला अलीगढ़।

..........वादिनी/रिवीजनकर्ता

बनाम

कमलेश देवी पत्नी स्व0 श्री प्रीतम सिंह हाल निवासी बघेल नगर निकट एटा चुंगी, डाकखाना देवी का नगला परगना व तहसील कोल जिला अलीगढ़।

. ...प्रतिवादी

27.03.2025

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित जिन्हें प्रतिस्थापन प्रार्थनापत्र 8क पर सुना।

प्रतिस्थापन प्रार्थनापत्र 8क प्रत्यर्थी कमलेश देवी की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विधिक वारिसान को प्रतिस्थापित करने के लिये पारिणामिक संशोधन प्रस्तावित करते हुये प्रस्तुत किया है। प्रत्यर्थीगण/प्रस्तावित वारिसान की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ता द्वारा केवल यह आपत्ति की गयी है कि कमलेश देवी की मृत्यु का दिनांक नहीं लिखा गया है लेकिन उनके द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि प्रार्थनापत्र समयसीमा के अन्दर है। मृतक पक्षकार के विधिक वारिसानों को पत्रावली पर कायम किया जाना अग्रिम प्रक्रिया के लिये आवश्यक है अतः प्रार्थनापत्र 8क स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थनापत्र 8क स्वीकार किया जाता है। पुनरीक्षणकर्ता वांछित संशोधन नियत दिनांक तक करे। पत्रावली वास्ते सुनवाई दिनांक 24.04.25 को पेश हो।

दिनांक–27.03.2025

(ऋषि कुमार)
अपर जिला सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या–05, अलीगढ़।

Digitally signed by RISHI KUMAR
Date: 2025.03.27 18:00:45 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court